## एक नजर

### विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन हुआ

**पिपरिया, 16 जनवरी** विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन रामजीबाबा मंदिर हथवांस में कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।विराट हिंदू सम्मेलन सीताराम मंदिर हथवांस में भूमि पूजन से शुरू हुआ। सम्मेलन में रामजीबाबा मंदिर हथवांस से कलश यात्रा सीताराम मंदिर हथवांस पहुंची। हिंदू सम्मेलन हथवांस में आयोजित होगा जिसको लेकर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, ब्रजमोहन दुबे, लक्ष्मी नारायण रघुवंशी,दुर्गेश गोस्वामी, मदन रघुवंशी, नरेन्द्र मिश्रा, निखिल सोनी, प्रेमसिंह ठाकुर,कैलाश विश्वकर्मा, राजेश नेता, ठाकुर प्रसाद, शंकरलाल रघुवंशी उपस्थित रहे। इस दौरान जलअभियान परिषद से दयाशंकर उमरे उपस्थित रहे। संचालन शंकरलाल रघुवंशी ने किया।

### परीक्षा के समय प्रोफेसर के स्थानांतरण से विद्यार्थियों में रोष

**पिपरिया** परीक्षा के समय शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में प्रोफेसर के स्थानांतरण को लेकर विद्यार्थियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विधायक को ज्ञापन सौपा व भूख हड़ताल की चेतावनी दी। शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में भूगोल विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो .इमरानखान के अचानक स्थानांतरण को लेकर छात्र छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है। विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा सत्र के दौरान दूसरी बार उनका स्थानांतरण किया गया जिससे पढाई और परीक्षा की तैयारी पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। पूर्व में भी परीक्षा के दौरान प्रोफेसर इमरानखान का स्थानांतरण किया गया था जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हुई थी अब पुन्उसी प्रकार निर्णय लेकर छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय किया जा रहा है ।यदि शीघ्र ही स्थानांतरण पर पुनर्विचार नही किया तो होगी हडताल.

# ट्रेन में चोरी करने वाले आरोपी धराए

## आरोपी के पास से 5 लाख 46 हजार 500 रुपये का माल बरामद

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 जनवरी 2026** जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार देर शाम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 लाख 46 हजार 500 रुपए का चोरी का माल (सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल) बरामद किया है। इन आरोपियों पर पहले भी विभिन्न राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। जीआरपी ने आज शुक्रवार को मीडिया में गिरफ्तारी की जारी दी है।

### जीआरपी टीम ने दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा

सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सरवन यादव (42) निवासी बलरामपुर, उत्तरप्रदेश और कमल शर्मा (33) निवासी गौतमबुद्ध नगर, उत्तरप्रदेश बताए। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने लगभग दो महीने पहले इटारसी स्टेशन पर



खड़ी एक ट्रेन के एसी कोच से लेडीज पर्स चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठी, ईयर रिंग, कान की झाला, सोने की माला और एक सैमसंग मोबाइल फोन सहित कुल 5 लाख 46 हजार रुपए का चोरी का सामान जब्त किया। यह माल अपराध क्रमांक 916/25 धारा 305 (सी) बीएनएस से संबंधित पाया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जीआरपी संजय चौकसे के नेतृत्व वाली टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने इस टीम को विशेष रूप से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### बैग और कीमती सामान चुराकर ट्रेन से उतर जाता था गिरोह

जीआरपी पुलिस के अनुसार, यह गिरोह रात के समय, विशेषकर 2 से 4 बजे के बीच, गहरी नींद में सो रहे रेल यात्रियों के बैग और कीमती सामान चुराकर ट्रेन से उतर जाता था। रेल यात्रियों के साथ बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए, एसपी रेल भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस को हाल ही में मुखबिर से सूचना मिली कि इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर भोपाल छोर की ओर पानी की टंकी के पास दो संदिग्ध युवक पिट्ठू बैग के साथ खड़े हैं। वे यात्रियों से सोना बेचने के लिए सराफा बाजार की जानकारी पूछ रहे थे। और उनकी गतिविधियां कुछ संदिग्ध है.



## लाड़ली बहनों के खाते में आये पैसे, विधायक की मांग स्वीकृत हुई

नवभारत न्यूज

**माखन नगर, 16 जनवरी** माखननगर की आयोजित आम सभा में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सवा सौ करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1500रुपए की राशि डाली एवं आश्वासन दिया कि वे इसे निरंतर बढ़ाते रहेंगे।

बहनों के हर कार्य मे सहयोग करेंगे। इस अवसर पर बहनों के साथ नवीन रेस्ट हाउस भवन में भोजन किया। माखन प्रतिमा स्थल सौंदर्यीकरण एवं राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। वहीं विधायक द्वारा मांगी गई विभिन्न मांगों राजोंन मरोड़ा तवा पुल, होशंगाबाद पिपरिया फोर लेन मार्ग सहित क्षेत्र की अनेकों मांगों की घोषणा की गई।

मुख्यमंत्री की माखन प्रतिमा स्थल से सभा स्थल तक जाने में जगह जगह स्वागत किया गया उनका तुला दान किया गया एवं मंच पर अनेकों संगठनों द्वारा पुष्प हार डालकर सम्मानित किया गया।

**कांग्रेसियों को किया नजरबंद –** मुख्यमंत्री के आने के पूर्व ही नगर अध्यक्ष संजय गिल्ला के साथ अनेकों पदाधिकारियों को नजर बंद किया गया। जिसका उन्होंने इसका विरोध किया ओर कहा कि यह अलोकतांत्रिक है.

### धनासरी में कृषि संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**पिपरिया** कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत कृषिरत भ्रमण कार्यक्रम के तहत धनासरी में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। आधुनिक कृषि यंत्रो के विषय में व उन्नत कृषि जैविक कृषि और रसायनिक कृषि के बारे में किसानो से संवाद किया गया। ग्राम पंचायत धनासरी में संगोष्ठी कार्यक्रम में नर्मदापुरम के सहायक संचालक कृषि सुनील कुमार धोते,गोविंद नगर से कृषि वैज्ञानिक राजेन्द्र पटेल, सहायक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रेणुका कीर, एईओ ब्रजपालसिह उइके उपस्थित रहे।

## चाइनीज मांझे से जख्मी युवक की मां ने की एफआईआर

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 जनवरी** मकर संक्रांति के पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार शाम पुरानी इटारसी के आजाद चौराहे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 24 वर्षीय युवक शुभम शर्मा का गला पतंग की डोर चाइनीज मांझे से कट गया। घटना के समय शुभम दुपहिया वाहन से गुजर रहा था। इसी तरह से जोमैटो के एक डिलीवरी बॉय आकाश भाट की नाक भी ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जख्मी हो गयी, उसकी आंख भी बाल-बाल बची है। मिली जानकारी के अनुसार भाट मोहल्ला निवासी आकाश भाट जोमैटो डिलीवरी बॉय का कार्य करता है, ओवर ब्रिज से डिलीवरी देने के लिए जा रहा था।

इस दौरान चाइनीस मांझा का शिकार हो गया आकाश भाट का नाक एवं आंख के नीचे का हिस्सा चाइनीस मांझा से कट गया जिसका उपचार सरकारी अस्पताल में किया। घटना भी 14 जनवरी की शाम की है। इन घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन मैदान में उतरा और चाइनीज मांझा बेचने वालों की तलाश प्रारंभ की। पुलिस ने कई पतंग दुकानों पर जाकर जांच की। आज 15 जनवरी की सुबह से पुलिस की टीम पटवा लाइन सहित अन्य जहां पतंग बिक रही हैं, उन दुकानों पर जाकर जांच कर रही है। इधर पुरानी इटारसी में हुए हादसे के बाद घायल शुभम की मां, अल्पना शर्मा 50 वर्ष, पति राजेश शर्मा की शिकायत पर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ लापरवाही से पतंग उड़ाने का मामला दर्ज कर लिया है।

**पिपरिया** खेलो एमपी यूथ गेम्स में चयन स्पर्धा का आयोजन 31 जनवरी तक विकासखंड, जिला, संभाग व राज्य स्तर पर किया जा रहा है। मप्र के खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर चयन स्पर्धा में 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है।

## दूषित जल से मौत, कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 16 जनवरी** आज सुबह 11.00 बजे महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं भागीरथपुरा इंदौर में दूसित जल से हुई मोंतो को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास जिला मुख्यालय नर्मदापुरम में होगा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम एवं ग्रामीण ब्लॉक कमेटी नर्मदापुरम के द्वारा कल दिनांक 17 जनवरी 2026 को भागीरथपुरा इंदौर की घटना व पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों को लेकर एवं महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कानूनी अधिकार को समाप्त करने के विरोध में प्रात: 11.00 बजे से 4.00 बजे तक स्थान महात्मा गांधी प्रतिमा जिला चिकित्सालय के सामने नर्मदापुरम मे जिला स्तर पर एक दिवसीय उपवास का आयोजन रखा गया है.

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई

**पिपरिया** मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक अग्रिहोत्री भवन में आयोजित हुई। पेंशनर्स एसेसिएशन द्वारा आयोजित बैठक में रामकिशन पटेल,जसवन मालवीय,तखतसिंह मौर्य,बीके चौधरी, छोटेलाल मंडवार,समर बहादुर यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान मासिक बैठक में पेंशन की ग्यारंटी,मंहगाई,राहत,केन्द्र के समान तिथि एवं दर से देने की शासन से मांग की गई।



इटारसी . डॉ सीतासरण शर्मा, सुरेश पचौरी, दर्शन सिंह चौधरी, श्रीमति माया नारोलिया, प्रेमशंकर वर्मा, ठाकुरदास नागवंशी, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीति शुक्ला विकास पर चर्चा करते हुए

### मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध 11 प्रकरण दर्ज

**हरदा** = कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा जिले के ग्राम रामपुरा, नयापुरा, उंढाल, चिराखान, साल्याखेड़ी, करनपुरा, लोटिया, जामली दमामी, खेड़ीपुरा व टंकी मोहल्ला में दबिश दी। कुल 42 पाव देशी प्लेन शराब, 24 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 560 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर कुल 11 प्रकरण दर्ज किये।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


## सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने नपा सख्त हुआ

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 जनवरी** शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका परिषद की राजस्व शाखा की टीम ने कड़ा रुख अपनाया है। गुरुवार को टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

**दुकानदारों पर हुई चालानी कार्रवाई** – अभियान के दौरान उन दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिन्होंने सड़क और फुटपाथ पर सामान फैलाकर आवागमन बाधित किया था। टीम ने मौके पर ही अतिक्रमण करने



वाले दुकानदारों के चालान काटे और 1000 रुपये का जुर्माना वसूला। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क किनारे रखे अवैध सामान को भी हटाया गया।

**सुचारू यातायात के लिए जारी रहेगा अभियान** – नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर को व्यवस्थित रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने सख्त लहजे में कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**नागरिकों से सहयोग की अपील** – परिषद ने शहर के दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों का सामान सीमा के भीतर ही रखें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। यातायात को सुचारू बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें ताकि भविष्य में होने वाली दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।



## सीईओ ने बनाया पंचनामा, नल जल योजना में ठेकेदार की मनमानी

नवभारत न्यूज

**बनखेडी, 16 जनवरी** बनखेड़ी तहसील के ग्राम पंचायत सुरेला रणधीर अंतर्गत ग्राम रिछेड़ा में जनपद पंचायत की सीईओ रीना कुमारिया ने नल जल योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद घटिया पाई गई।

ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत पाइपलाइन एवं अन्य कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किए जा रहे थे। जब ग्रामीणों ने ठेकेदार एवं उसके कर्मचारियों से घटिया निर्माण को लेकर आपत्ति जताई तो ठेकेदार के लोगों ने कहा कि जो करना है कर लो, रिपोर्ट कर दो। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है।

मौके पर पहुंचकर जब जनपद सीईओ रीना कुमारिया ने स्वयं निर्माण कार्य का अवलोकन किया तो कार्य वास्तव में गुणवत्ता हीन पाया गया। सीईओ ने तत्काल मौके पर पंचनामा तैयार कराया। सीईओ ने ग्राम पंचायत सचिव अनिल कुशवाहा को स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक नल जल योजना का कार्य पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं किया जाता, तब तक पंचायत द्वारा कार्य का हैंडओवर किसी भी स्थिति में न लिया जाए। सीईओ ने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं में लापरवाही और घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषी ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है कि**

मुझे ग्रामीणों ने शिकायत की थी मैने जाकर देखा है और नल जल योजना के कार्य में कमियां पाई गई है हमने ह्यस्र१ श्चद्धद्ग को बोला है अगर सुधार नहीं हुआ तो कार्यवाही करेंगे

रीना कुमारिया सीईओ
जनपद बनखेड़ी

## स्वास्थ्य अधिकारी ने उपस्वास्थ्य केंद्र अबगांवकला का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**हरदा, 16 जनवरी** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र अबगांवकला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र की साफ सफाई, बिजली एवं पानी की समस्या की जानकारी ली। संस्था के कार्यो एवं रिकार्ड का सत्यापन किया तथा ग्राम में हाई रिस्क महिलाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिन महिलाओं के हीमोग्लोबीन कम है, उन्हें तत्काल आयरन सुक्रोज एवं ब्लड चढ़वाने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। उन्होने मानसिक रोग से संबंधित काउन्सलिंग के निर्देश दिये। उन्होने वेस्ट का निपटान करने एवं केन्द्र के आस पास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सीएचओ सुश्री कंचन, एएनएम श्रीमति पुष्पा चौरे, आशा कार्यकर्ता श्रीमति दीपिका विश्नोई, ग्रामीण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणो को किया जागरूक

**पिपरिया** मप्र जनअभियान परिषद द्वारा ग्राम पंचायत राईखेडी में सेक्टर क्रमांक 4 में जलसंरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मप्र जनअभियान परिषद द्वारा जलसंरक्षण को लेकर हुई बैठक में बडी संख्या में ग्रामीण महिलायें उपस्थित रही जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम स्तर पर जलसंरक्षण को लेकर जागरूकता बढ रही है। बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में देवेन्द्र पटेल ने जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। आपने बताया कि वर्तमान समय में जलसंकट एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और यदि अभी से ठोस कदम नही उठाये गये तो आने वाली पीढियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है उन्होने जल बचाने के सरल और प्रभावी उपायो जैसे वर्षा जल संचयन,घरो में पानी का सीमित उपयोग,खेतो में टपक सिंचाई पद्धति अपनाना,नलो की मरम्मत,तालाबो और कुओं का संरक्षण आदि पर प्रकाश डाला,इस अवसर पर देवेन्द्र पटेल ने महिलाओं की भूमिका को विशेष रूप से घरेलू स्तर पर जल संरक्षण की शुरूआत महिलाओं के सहयोग से ही संभव है।

## अधिकारियों ने बाल भिक्षावृत्ति रोकने शहर के प्रमुख स्थलों का किया भ्रमण



नवभारत न्यूज

**हरदा, 16 जनवरी** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजा रंगारे द्वारा जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को भिक्षावृत्ति जैसी कुरीति से मुक्त कर सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान परियोजना अधिकारी, पुलिस विभाग के कर्मचारी तथा चाइल्ड लाइन (1098) टीम के सदस्यों की उपस्थिति में शहर के प्रमुख स्थलों पर भ्रमण किया गया। इस दौरान बाल भिक्षावृत्ति की स्थिति की समीक्षा की गई तथा जरूरतमंद बच्चों को संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे सड़क पर भिक्षा मांगने वाले बच्चों को आर्थिक प्रलोभन न दें, बल्कि जरूरत पड़ने पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दें, जिससे बच्चों को सुरक्षित वातावरण एवं संस्थागत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। अभियान के दौरान संबंधित विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने, बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने तथा नियमित मॉनिटरिंग व्यवस्था बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल भिक्षावृत्ति न केवल सामाजिक समस्या है, बल्कि बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, सुरक्षा एवं बाल अधिकारों से जुड़ा हुआ मुद्दा है, जिसे संवेदनशीलता से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

**सीएम रोड शो** विशाल जनसमूह ने किया प्रदेश के मुखिया का आत्मीय स्वागत

## प्रांगण में 101 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज हुआ आरोहित



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 16 जनवरी** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को नर्मदापुरम जिले के माखननगर प्रवास के दौरान आयोजित भव्य रोड शो शामिल हुए। राष्ट्रकवि दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जन्मभूमि माखननगर मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर उल्लास, उमंग और उत्सव के रंग में रंगी नजर आई। विशाल जनसमूह ने पूरे उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी नगरवासियों के प्रेम से अभिभूत होकर हाथ हिलाकर सभी की शुभकामनाओं को स्वीकार करते हुए अभिवादन किया। रोड शो से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नर्मदा पुरम जिले की महान साहित्य हस्ती दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और 53 लाख रुपए से तैयार किए गए प्रांगण में स्थापित 101 फिट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। इस अवसर पर विशाल जनसमूह ने मुख्यमंत्री का पूरे उत्साह और उमंग के साथ स्वागत किया। विशाल रैली माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा स्थल से प्रारंभ हुई। रैली में अपार जनसमूह कतार बद्ध होकर शामिल हुआ। आदिवासी लोक नर्तको का दल आगे चला.